तापमान

अधिकतम 31.5 डिग्री

न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, गुरुवार 11 जुलाई 2024

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट



14 बेरला विकासखंड में चल रहा सफाई अपनाओ...





12 भूपेश सरकार का एक और फैसला बदला, सरकारी...





स्थापना वर्ष 2014

VIPS

आइये मेडिकल के क्षेत्र में अपना भविष्य बनायें...

विजन पैरामेडिकल

INFORMATION *CAREER GUIDANCE *ADMISSION
* COUNSELING & COACHING CENTER

प्रवेश प्रारंभ

गुणवत्ता युक्त एवं विश्वसनीय सेंटर सभी पाठ्यक्रम छत्तीसगढ़ में नौकरी एवं रजिस्ट्रेशन हेतु मान्य हैं।

मोबा. 9340751120, 9131330801

गर्ल्स हॉस्टल सुविधा उपलब्ध

पता: रायपुर रोड, शासकीय पी.जी. कॉलेज के सामने, सृजन ITI के पीछे, कोबिया, बेमेतरा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)

योग्यता - 12 वीं (जीव विज्ञान)

COURSES

BACHELOR IN MED.LAB. TECHNICIAN - 3 Years
DIPLOMA IN MED.LAB. TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN AYURVEDIC PHARMACY - 2 Years
DIPLOMA IN X-RAY TECHNICIAN - 2 Years
DIPLOMA IN OPTHELMIC TECHNICIAN - 2 Years
CERTIFICATE IN OT TECHNICIAN - 1 Year



B.M. COLLEGE

BCA BBA PGDCA B.Ed.

आई.टी.आई.

▸कोपा ▸इलेक्ट्रिशियन
▸हेल्थ सेनेटरी इंस्पेक्टर
▸डीजल मैकेनिक
▸फायर टेक्नालॉजी
▸स्टेनो हिन्दी

गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग

8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065


मौसम : बारिश नहीं होने के कारण धान की फसल पर मंडराने लगा संकट

# पानी की कमी से खेतों में आने लगीं दरारें सूखने लगे पौधे, रोपाई में भी हो रही देरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

पिछले बीते सप्ताहों में तीन-चार दिन रुक रुककर झमाझम बारी के चलते किसान खेती किसानी में जुट गए थे और अपनी खेतों में धान की बोआई तो कर ली, लेकिन अभी भी कई किसान रोपाई करवा रहे हैं। वर्तमान में मौसम और बारिश पर कौन सा ग्रहण लग गया है कि बारिश हो ही नहीं रही है।

■ सूखते हुए पौधों को देखकर किसान के चेहरे में छाने लगी चिंता की लकीरें

खेतों में धान की बोआई के बाद बीज अंकुरित होकर पौधे का रूप ले लिया है। इधर पानी की कमी, लगातार तेज धूप और उमसभरी गर्मी के कारण खेत सूख गए हैं और उसमें दरार आनी शुरू हो गई है।

इसके कारण धान के छोटे-छोटे पौधे सूखने लगे हैं। वहीं, दूसरी ओर रोपा लगाने वाले किसान भी चिंतित हैं, क्योंकि बारिश की कमी होने के कारण रोपाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। बता दें कि अंचल में कुछ दिनों से वर्षा नहीं होने से अब किसानों की चिंता फिर बढ़ गई है। जिन बीजों का अंकुरण नहीं हुआ है उनका बारिश नहीं होने की वजह से काफी नुकसान हो सकता है। इसी तरह भाठा जमीन पर धान की बोआई पर भी असर पड़ रहा है। देरी से बोआई वाले खेतों में दो से तीन दिनों में बारिश नहीं हुई तो बीज खराब हो सकता है। इसके साथ ही जो बीज की बोआई कर लिये हैं और धान अंकुरित और पौधे अपना रूप ले लिए हैं। उनकी जड़ें व पौधे सूखने की कगार पर हैं। बहरहाल मौसम की इस बेरुखी के कारण किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखाई दे रही हैं। उधर, आम जन भी उमस भरी गर्मी से हलाकान है।



### जिले में अब तक 115.9 मिमी औसत वर्षा

चालू बारिश सीजन के दौरान बेमेतरा जिले में 01 जून से 10 जुलाई तक की स्थिति में सवेरे 8 बजे तक जिले में 115.9 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में अब तक सर्वाधिक वर्षा तहसील दाढ़ी में 161.1 मि.मी. तथा न्यूनतम 68.1 मि.मी. वर्षा बेमेतरा तहसील में दर्ज की गई है। संयुक्त जिला कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार बेमेतरा तहसील मे 68.1 मि.मी. वर्षा, नांदघाट तहसील में 123.6 मि.मी. वर्षा, बेरला तहसील में 73.9 मि.मी., भिंभौरी तहसील में 119.8 मि.मी, साजा तहसील मे 147 मि.मी., थानखम्हरिया तहसील में 68.5 मि.मी. वर्षा एवं देवकर तहसील में 148 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है।

# खरीदी केंद्र में धान के उठाव में गड़बड़ी, तीन समिति प्रबंधक व ऑपरेटर निलंबित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

धान खरीदी केंद्र में धान के उठाव में गड़बड़ी के मामले में कलेक्टर ने तीन समिति प्रबंधकों एवं तीन ऑपरेटरों को निलंबित कर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी केन्द्र मोहगांव के अंतर्गत कुल 9161 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई, जिसमें कुल 9055 मीट्रिक टन का उठाव होने के बाद कुल 106 मीट्रिक टन कमी प्रदर्शित है। उक्त शेष धान का निराकरण समिति प्रबंधक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के द्वारा नहीं किया गया है, जो खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के धान खरीदी नीति की कंडिका क्रमांक 16.9 का उल्लंघन है। शासन को हुई आर्थिक क्षति को दृष्टिगत रखते हुए दिगम्बर राजपूत समिति प्रबंधक एवं नितिन साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के विरूद्ध कार्रवाई की गई है।

■ शासन के नियमों के उल्लंघन पर कलेक्टर ने की कार्रवाई

इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी केन्द्र साजा के अंतर्गत कुल 6668 मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई, जिसमें कुल 6630 मीट्रिक टन का उठाव होने के पश्चात कुल 38 मीट्रिक टन कमी प्रदर्शित है। उक्त शेष धान का निराकरण समिति प्रबंधक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर द्वारा नहीं किया गया। इसके कारण दीपक सोनी समिति प्रबंधक एवं शरद वैष्णव डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं, खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 में धान खरीदी केन्द्र कुसमी के अंतर्गत कुल 9860 मे.टन धान की खरीदी की गई, जिसमें कुल 9101 में टन का उठाव होने के पश्चात कुल 38 मीट्रिक टन कमी प्रदर्शित है। उक्त शेष धान का निराकरण समिति प्रबंधक/डाटा एन्ट्री ऑपरेटर के द्वारा नहीं किया गया है। इसलिए शासन को हुई आर्थिक क्षति को देखते हुए सत्यनारायण साहू समिति प्रबंधक एवं नरेश साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, को तत्काल प्रभाव से जिला कलेक्टर रणबीर शर्मा ने निलंबित कर दिया गया।

इस तरह की गई गड़बड़ी के लिए दिगम्बर राजपूत, समिति प्रबंधक एवं नितिन साहू डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, सेवा सहकारी समिति मर्या. मोहगांव, पंजीयन क्रमांक 1249, विकासखंड साजा, जिला बेमेतरा, दिपक सोनी, समिति प्रबंधक एवं शरद वैष्णव डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, सेवा सहकारी समिति मर्या. साजा, पंजीयन क्रमांक 1246, विकासखंड साजा एवं सत्यनारायण साहू समिति प्रबंधक एवं नरेश साहू, डाटा एन्ट्री ऑपरेटर, सेवा सहकारी समिति मर्या. कुसमी, पंजीयन क्रमांक 570, विकासखंड बेमेतरा, जिला बेमेतरा को प्राथमिक कृषि साख ▸▸| शेष पेज 13 पर

## खबर संक्षेप

### मोहर्रम 17 को, बंद रहेंगी मदिरा दुकानें

**बेमेतरा।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रणबीर शर्मा ने 17 जुलाई को मोहर्रम के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस दिन बेमेतरा जिले में स्थित सभी देशी मदिरा दुकानें एवं समस्त मदिरा दुकानों से संलग्न अहाता पूरी तरह बंद रहेंगे। उक्त अवधि में मदिरा का संव्यवहार पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। कलेक्टर श्री शर्मा ने संबंधित अधिकारियों को उक्त आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है।

### भाजपा का मतदाता अभिनंदन और कार्यकर्ता सम्मेलन आज

**डौंडीलोहारा।** भारतीय जनता पार्टी मंडल डौंडीलोहारा में 11 जुलाई को विधानसभा स्तरीय मतदाता अभिनंदन एवं कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन स्थानीय मंडी प्रांगण में किया गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांकेर लोकसभा सांसद भोजराज नाग होंगे, विशेष अतिथि पवन साहू भाजपा जिला अध्यक्ष बालोद तथा देवलाल ठाकुर प्रदेश प्रवक्ता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। मंडल अध्यक्ष रूपेश सिन्हा ने विधानसभा में निवासरत प्रदेश प्रवक्ता, जिला पदाधिकारी, मण्डल पदाधिकारी मोर्चा अध्यक्ष पदाधिकारी प्रभारी संयोजक सहसंयोजक जिला पंचायत सदस्य जनपद पंचायत सदस्य जनप्रतिनिधि पार्षदों, बुथ अध्यक्ष बुथ सचिव पन्ना प्रमुख, बुथ एजेंट सहित सभी भाजपा कार्यकर्ताओं से कार्यक्रम में शामिल होने की अपील की है।

### ट्रक से टकराई बाइक दो घायल, उपचार जारी

**कुसुमकसा।** ग्राम करियाटोला से मुख्यमार्ग पर आ रही मोटरसाइकिल की ट्रक से टक्कर हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक सहित उसके साथी को गंभीर चोट आई है। घायलों को 108 वाहन से जिला अस्पताल ले जाया गया है, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उचित उपचार के लिए राजनांदगांव रिफर करने की तैयारी किए जाने की जानकारी मिली है। घटनास्थल से मिली जानकारी के अनुसार रात्रि लगभग 7.30 बजे ट्रक क्रमांक सीजी 08 ए डी 1151 गिधाली से आयरन ओर भरकर रायपुर की ओर जा रहा था। इसी दौरान ग्राम करियाटोला पुल के पास ग्राम करियाटोला से मुख्य मार्ग पर आ रही मोटरसाइकिल के अचानक मुख्य मार्ग पर आते ही दोनों में जबरदस्त टक्कर हो गई। इससे मोटरसाइकिल सवार डोंडी निवासी राकेश धुर्वे व सेवाराम घायल हो गए। घायल युवक राकेश ग्राम करियाटोला अपने ससुराल आया था, जो डोंडी जाने के लिए निकला था। घटना की जानकारी मिलते ही राजहरा पुलिस घटनास्थल पहुंची और दुर्घटनाग्रस्त मोटरसाइकिल तथा ट्रक को राजहरा थाना भिजवाया और आवागमन बहाल करवाया।

ग्रामीणों ने कलेक्टर से मुलाकात कर बताई समस्या, की निराकरण की मांग

# ग्राम ओड़िया में गहराई पेयजल की समस्या, माहभर से तरस रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

इस मानसून में हुई कम बारिश एवं उमसभरी भीषण गर्मी के साथ जिले में पानी का संकट गहराता जा रहा है। एक ओर राज्य सरकार पीने के पानी की सुचारू व्यवस्था का ढोल पीट रही है, वहीं दूसरी तरफ जमीनी हकीकत यह हैं कि लोगों में पीने के पानी के लिए त्राहि-त्राहि मची हुई है।

जिले में जल स्तर गिर जाने के कारण जलसंकट शुरू हो गया है। हालत यह है कि हैंडपंप, नल जल योजनाएं और सिंगल फेस मोटर बंद हो गई हैं। जिले के 50 से अधिक गांवों में पानी की समस्या है। यहां लगे हैंडपंप पानी छोड़ दिए हैं या खराब स्थिति में हैं। जहां एक ओर सरकार व शासन-प्रशासन गांव गांव जल जीवन मिशन के तहत हर घर घर पानी पहुंचने की बात कर रहा है, वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्र की तस्वीरें कुछ ओर बयां कर रही हैं। बुधवार को ग्राम ओड़िया में पेय-जल समस्या को लेकर ग्रामीणों ने कलेक्टर के समक्ष शिकायत की। कमलेश मिश्रा, सीताराम पाटिल, दीपचंद साहू, सिद्धांत ,चोकू राम, रामकिशन ,लेखराम ,प्राजंल मिश्रा ,राकेश साहू ,पूनम चंद गुप्ता ,संतु राम पाटिल सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम में नल-जल योजना के तहत टंकी निर्माण किया गया है जिसपर समस्त ग्रामवासी आश्रित है। इसका पम्प विगत 1 माह से खराब है जिससे जलापूर्ति बाधित है। ग्राम सरपंच द्वारा इसपर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है तथा ग्रामवासी द्वारा अनुरोध करने पर सरपंच द्वारा दुर्व्यवहार किया जाता है।



### पहले भी बताई थी समस्या, नहीं हुआ समाधान

ग्रामीणों ने बताया कि पानी की समस्या को लेकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को अवगत करवाया था। लेकिन अभी तक समस्या का निदान नहीं हुआ। जिससे पानी के अभाव में ग्रामीणों के साथ पशुधन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं। ग्रामीणों ने मांग की कि पेयजल समस्या का निवारण हेतु त्वरित कार्यवाही की जाए। इस दौरान ग्रामीणों ने कहा कि स्थिति यह है कि परेशानी वाले गांवों के रहवासी जब पीएचई के अधिकारियों को फोन लगाते हैं तो फोन नहीं उठाए जाते हैं या आश्वासन देकर उन्हें चलता कर दिया जाता है।

# निलंबन के विरोध में उतरे समिति कर्मी कलमबंद आंदोलन की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

तीन समिति प्रबंधक व डाटा एंट्री ऑपरेटर के निलंबन को शून्य करने की मांग को लेकर सेवा सहकारी समिति संघ ने कलेक्टर कार्यालय में ज्ञापन सौंपा है। इन कर्मचारियों पर धान की शार्टेज को लेकर कार्रवाई की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि सेवा सहकारी समिति मोहगांव प्रबंधक दिगम्बर राजपुत, डाटा एंट्री आपरेटर नितिन साहू, साजा समिति प्रबंधक दीपक सोनी एवं डाटा एंट्री आपरेटर शरद वैष्णव, कुरामी समिति प्रबंधक सत्यनारायण साहू व डाटा एंट्री आपरेटर नरेश साहू को धान खरीदी अनुबंध नीति उल्लेख करते हुए निलम्बन की कार्रवाई की गई है, जो न्यायपूर्ण नहीं हैं। ज्ञापन सौंपे जाने के साथ ही संघ ने तीन दिवस के भीतर कार्रवाई शून्य नहीं होने पर कलम बंद कर आंदोलन की चेतावनी है।

■ कार्रवाई शून्य करने की मांग को लेकर कलेक्टोरेट में सौंपा ज्ञापन



समिति कर्मी कोमल पांडे ने बताया कि अनुबंध के अनुसार समितियां धान खरीदी करती हैं, लेकिन जिला विपणन अधिकारी द्वारा कंडिका क्रमांक 2.7 व 2.8 एवं 16.8 का पालन नहीं किया गया है, जिसके परिप्रेक्ष्य में प्राकृतिक रुप से धान में सूखत आना स्वभाविक है। अब शॉर्टेज के नाम पर समिति प्रबंधकों पर कार्रवाई की जा रही है। ज्ञापन सौंपने के दौरान कर्मचारियों ने एक तरफा कार्रवाई का विरोध किया है। इस दौरान कर्मियों ने तीन दिवस के भीतर निलंबन की कार्रवाई शून्य नहीं होने पर कलमबंद करने वाले हैं। एक तरफा कार्रवाई से कर्मियों में भय का माहौल है।

### धान उठाव में विलंब के कारण बनी सूखत की स्थिति

कर्मचारियों का कहना है कि धान उठाव में देरी के कारण सूखत की स्थिति बनी है। जानकारी के अनुसार इस वर्ष 9 लाख 31 हजार मीट्रिक टन धान की खरीदी हुई है। जिसमें से लगभग 99 प्रतिशत से अधिक धान का उठाव हो चुका है। धान का उठाव 28 फरवरी तक होना था, लेकिन 30 जून तक धान का उठाव किया गया। वर्तमान में भी 34 हजार क्विंटल धान समिति में पड़ा हआ है। कर्मचारियों ने कहा कि उठाव में लेट लतीफी के कारण सूखत की स्थिति बनी।

हरिभूमि में खबर प्रकाशन के बाद दूर हुई लोगों की समस्या

# खम्हरिया-देवकर मार्ग से हटाया गया मलबा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

खबर का असर

थानखम्हरिया-देवकर मार्ग की पीडब्ल्यूडी सड़क पर ग्राम मौहाभाठा व तेंदुभाठा के बीच सालभर से पड़े मटेरियल के ढेर को सम्बन्धित विभाग व जिम्मेदार व्यक्ति द्वारा हरिभूमि के जिला संस्करण में समस्या को लेकर विगत 30 जून को खबर प्रकाशन के बाद पूरी तरह हटा दिया गया है। इसके साथ ही लोगों को आवागमन में हो रही समस्या से छुटकारा मिला है।

ज्ञात हो कि साजा विकासखण्ड का एक महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम मार्ग है, जिसकी जवाबदेही लोकनिर्माण उपसंभाग साजा अंतर्गत अफसरों की है। किंतु विगत सालभर से इस मार्ग पर साजा मुख्यालय से महज 5 किलोमीटर दूर सड़क की एक ओर घेरते हुए एक निजी व्यक्ति के द्वारा मटेरियल के मलबे का बड़ी मात्रा में भंडारण किया गया था।





इसके कारण सालभर से सड़क मार्ग पर आवागमन के दौरान मुसाफिरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। उत्पन्न हो रही थी। हालत यह थी कि दोपहिया अथवा चारपहिया वाहन के माध्यम से देवकर-टू-खमरिया पर मौहाभाठा गाँव के बाद एकाएक यह पत्थर के इस मटेरियल मलबे के ढेर आ जाने से सड़क हादसे का खतरा बढ़ जाता था। ऐसी स्थिति में कई बार राहगीरों बड़ी मुश्किलों का सामना करना पड़ता था।

इस मार्ग पर पीडब्ल्यूडी सहित अन्य विकासखण्ड स्तर के विभिन्न अफसरों का रोजाना आवागमन बना रहता था, किन्तु किसी ने इस पर विशेष ध्यान नहीं दिया, लेकिन चन्द हफ्तेभर पूर्व हरिभूमि में खबर प्रशासन के बाद जिम्मेदार व्यक्ति ने तत्काल उक्त मटेरियल को सड़क मार्ग से हटा दिया। उसके बाद अब सड़क पर लोगों को हो रही परेशानियों से निजात मिल गई है।


हरिभूमि

पाठक सूचना

बेमेतरा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8319154342, 8224868411

## खबर संक्षेप

### टाटानगर एक्सप्रेस 13, 20 और 27 जुलाई को रहेगी रद्द

**रायपुर।** दक्षिण पूर्व रेलवे के चक्रधरपुर मंडल के विभिन्न सेक्शनों में मेगा ब्लॉक लेकर अपग्रेडेशन का कार्य किया जाएगा। इसके कारण जोन से चलने व गुजरने वाली यात्री गाड़ियों का परिचालन प्रभावित रहेगा। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व नेताजी सुभाष चंद्र बोस, इतवारी से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18109/18110 टाटानगर-नेताजी सुभाष चंद्र बोस -टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। 13, 20 व 27 जुलाई को टाटानगर व बिलासपुर से रवाना होने वाली गाड़ी संख्या 18113/18114 टाटानगर-बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### खरीफ फसलों का बीमा कराने की अंतिम तिथि 31 तक

**रायपुर।** कृषकों की फसल को प्रतिकूल मौसम सूखा, बाढ़, ओलावृष्टि आदि प्रकृतिक आपदाओं से होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 2024 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी गई है। खरीफ वर्ष 2024 के लिए बीमा की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निर्धारित की गई। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत जिले के किसान मुख्य फसल धान सिंचित,धान असिंचित एवं अन्य फसल, मक्का, सोयाबीन,अरहर (तुअर), उड़द एवं कोदो फसल का बीमा करा सकते हैं। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत किसानों को फसल को प्रतिकूल मौसम एवं प्राकृतिक आपदाओं से किसानों को होने वाले नुकसान से राहत दिलाने के लिए बीमा में शामिल किए जाने वाले ऋणी एवं अऋणी किसान, जो भू-धारक व बटाईदार हो सम्मिलित हो सकते हैं।

### छात्रों के विचारों का भी होगा दस्तावेजीकरण

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित राज्य बनाने के उद्देश्य को साकार करने के लिए राज्य नीति आयोग, उच्च शिक्षा विभाग तथा स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। राज्य नीति आयोग द्वारा 'अमृत काल : छत्तीसगढ़ विजन @ 2047' दस्तावेज तैयार किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य राज्य के सभी क्षेत्रों का तीव्र विकास सुनिश्चित करना है। इसके लिए सभी युवा, नागरिकों, विद्यार्थियों से सुझाव लेने राज्य के समस्त महाविद्यालय, शासकीय एवं अनुदान प्राप्त तथा निजी उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा 11वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के लिए निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। भाग लेने वाले छात्रों को 'विकसित छत्तीसगढ़, मेरे सपने का खुशहाल छत्तीसगढ़' विषय पर अपने विचार प्रस्तुत करने होंगे।

### बलौदाबाजार कांड, दो आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** कलेक्टर-एसपी कार्यालय में आगजनी और तोड़फोड़ मामले में बलौदाबाजार पुलिस ने भीम क्रांतिवीर छात्र संघ के प्रदेश अध्यक्ष गोपी बंदे और भीम क्रांतिवीर उपाध्यक्ष संदीप कोसले को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों पर आंदोलन की तैयारी, रूपरेखा बनाने, आंदोलन के लिए अनुमति व आयोजक समिति के अहम सदस्यों के रूप में शामिल होने का आरोप है। पुलिस ने आरोपियों की पहचान वीडियो, सीसीटीवी फूटेज के आधार पर की।

पेज 11 का शेष

### खरीदी केंद्र में धान ...

सहकारी सोसायटी, सेवा नियम 2018 के प्रावधानों के तहत आवश्यक कार्यवाही करने के लिए संबंधित समिति के प्राधिकृत अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

## निधन

### शंकर साहू



**साजा।** शहर के युवा शंकर साहू का निधन हो गया। वे 36 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार गुरुवार को स्थानीय मुक्तिधाम में किया जाएगा। शंकर साहू सोहन साहू व संतोष साहू के भाई तथा जगदीश साहू के भतीजे थे।

# जरूरी दवाओं की सप्लाई अनियमित, कारोबारियों ने सौंपा ज्ञापन

## दवा कंपनी के डिपो के सामने प्रदर्शन भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अति आवश्यक दवाओं की नियमित सप्लाई नहीं मिलने से नाराज दवा व्यापारियों ने स्वास्थ्य मंत्री से लेकर खाद्य औषधि प्रशासन के अफसरों को ज्ञापन सौंपा है। उन्होंने दवा कंपनी के डिपो के सामने प्रदर्शन भी किया है।

रायपुर जिला दवा विक्रेता संघ मीडिया प्रभारी एवं उपाध्यक्ष अश्विनी विग ने बताया कि अध्यक्ष ठाकुर राजेश्वर सिंह, सचिव संजय रावत, कोषाध्यक्ष वासुदेव जोतवानी के नेतृत्व में सन फार्मा के डिपो में विरोध प्रदर्शन किया गया। दवा कंपनी से मांग की गई है कि अति आवश्यक दवाओ की नियमित सप्लाई की जाए। इसमें बाधा होने के कारण अनेक जीवन रक्षक दवाओं का अभाव बाजार में हो गया है। उन्होंने बताया कि इस मामले में पहले भी कंपनी प्रतिनिधियों को अवगत कराया गया था, मगर उनकी तरफ से गंभीरता नहीं दिखाई गई थी। दवा विक्रेता संघ ने दवा की आपूर्ति नियमित करने के लिए स्वास्थ्य मंत्री, कलेक्टर और औषधि उप नियंत्रक को भी पत्र प्रेषित किया है।



औषधि उप नियंत्रक बसंत कौशिक ने बताया कि दवा कंपनी अपनी नई पॉलिसी के तहत दवाओं की सप्लाई कर रही है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि आवश्यकता को देखते हुए दवा विक्रेताओं को जरूरी दवा उपलब्ध कराई जाए। दवा कंपनी के डिपो के सामने प्रदर्शन करने वालों में अनिल सांखला, रमेश नथानी, दिनेश नथानी, उज्वल जैन, महेश चिमनानी सहित अनेक लोग शामिल थे।

## एकलव्य विद्यालय के अतिथि शिक्षकों ने मांगी पुनर्नियुक्ति

# तूता के धरनास्थल पर 3 संगठनों का धरना प्रदर्शन, समर्थन देने पहुंचे पीसीसी चीफ बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेशभर के 74 आवासीय एकलव्य विद्यालय में से हटाये गये अतिथि शिक्षकों ने पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर आंदोलन किया। 3 दिवसीय ध्यान आकर्षण धरना प्रदर्शन में 5 संभाग से अतिथि शिक्षक 2 सूत्रीय मांग को लेकर राजधानी में जुटे हैं। इसी तरह छत्तीसगढ़ क्रेडा कलस्टर जन कल्याण संघ के आव्हान पर क्रेडा के संविदा कर्मचारी हड़ताल पर रहे। वहीं छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर रायपुर जिला के पटवारियों ने भुइंया पोर्टल में आ रही दिक्कत सहित अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। हड़ताली कर्मचारियों को समर्थन देने प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज भी उनके पंडाल में पहुंचे और कर्मचारियों की समस्याओं को ध्यान से सुना।

- पटवारियों का 32 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना
- क्रेडा के संविदा कर्मचारी बेमियादी हड़ताल पर



### एकलव्य विद्यालय अतिथि शिक्षक धरना



नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल में आदिम जाति कल्याण विभाग अंतर्गत 74 एकलव्य आवासीय विद्यालय में काम करने वाले 630 अतिथि शिक्षकों ने 2 सूत्रीय मांग को लेकर शासन का ध्यान आकर्षित करने धरना दिया। छत्तीसगढ़ एकलव्य विद्यालय अतिथि शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष प्राची पांडे ने बताया 630 अतिथि शिक्षकों की नियुक्ति राज्य सरकार ने वर्ष 2017 से प्रारंभ की है। केन्द्र सरकार द्वारा नियमित भर्ती होने से ये अतिथि शिक्षक बेरोजगार हो गये हैं। इन अतिथि शिक्षकों को यथावत रखने हमने मुख्यमंत्री और विभागीय मंत्री से मुलाकात कर अपनी समस्याओं से अवगत कराया, पर किसी भी प्रकार का समाधान नहीं होने से अतिथि शिक्षक आक्रोशित हैं। इनकी आर्थिक स्थिति खराब है। पिछले 10 साल से कार्यरत होने के कारण अधिकतर शिक्षकों की उम्र पार हो चुकी है। इसीलिए आवासीय एकलव्य विद्यालय में काम करने वाले अतिथि शिक्षक पुनर्नियुक्ति की मांग को लेकर 3 दिवसीय ध्यान आकर्षण धरना दे रहे हैं।

### 6 सूत्रीय मांग, क्रेडा के संविदा कर्मचारी हड़ताल पर

छत्तीसगढ़ क्रेडा कलस्टर जन कल्याण संघ के आव्हान पर क्रेडा के संविदा कर्मचारी अपनी 6 सूत्रीय मांग को लेकर हड़ताल पर बैठे हैं। हड़ताली कर्मचारियों का कहना है, प्रदेश के 28 जिलों में सेवाकर्ता के रूप में कलेक्टर दर पर 540 तकनीशियन व हेल्पर कार्यरत हैं, जिनसे नौकरी के नाम पर अनुबंध कराया जा रहा है। अनुबंध पर रोक लगाने और पूर्व में जिनकी नियुक्ति संविदा आधार पर हुई, उन सभी तकनीशियनों को संविदा आधार पर वेतन भुगतान किया जाये। प्रदेश अध्यक्ष पंकज टिकरिहा ने कहा कि मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रहेगा।

### पटवारियों ने किया प्रदर्शन

छत्तीसगढ़ राजस्व पटवारी संघ के आव्हान पर प्रदेशभर के 5 हजार पटवारी अपनी 32 सूत्रीय मांग को लेकर दूसरे दिन भी हड़ताल पर रहे। प्रदेश स्तरीय आंदोलन के तहत नवा रायपुर के तूता स्थित धरना स्थल पर रायपुर जिले के पटवारियों ने धरना दिया। प्रदेशभर में पटवारी बस्ता बंद कर अपनी लंबित मांगों को लेकर आंदोलन कर रहे हैं। भुइंया पोर्टल में आ रही दिक्कत, कंप्यूटर, लैपटॉप, प्रिंटर, स्कैनर और इंटरनेट की सुविधा उपलब्ध कराने, नक्शा बटांकन करने स्पष्ट आदेश प्रसारित करने और जिले स्तर पर सहायक प्रोग्रामरों की पदस्थापना सहित अन्य मांगों को लेकर पटवारी अलग-अलग जिलों में धरना दे रहे हैं।

# चलती स्कॉर्पियो में लगी आग, बाल बाल बचा चालक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शहर के पुरानी बस्ती इलाके में आधी रात को अचानक एक चलती स्कॉर्पियो में आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसका चालक गाड़ी से बाहर निकलकर सिर्फ अपनी जान बचा पाया। आग बुझाने के लिए उसे मदद मांगने तक का मौका नहीं मिला। आग की भीषण लपटें इतनी तेजी से फैलीं कि कुछ मिनटों में ही कार जलकर खाक हो गई।

पुरानी बस्ती पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना 9 जुलाई की रात करीब 3 बजे की है। आदर्शनगर कुशालपुर निवासी प्रशांत ठाकुर अपनी पेट्रोल स्कॉर्पियो वाहन से अपने घर लौट रहा था। वाहन जैसे ही आदर्शनगर के पास पहुंची, तभी उसमें आग लग गई। आग की लपटें देखकर प्रशांत ने तुरंत गाड़ी रोक दी और बाहर निकल गया। बाहर निकलने के बाद आग बुझाने के लिए वह किसी से मदद मांग पाता, उससे पहले ही आग की लपटों ने वाहन को चारों तरफ घेर लिया और देखते ही देखते वाहन जलकर खाक हो गया। हालांकि आग लगने के दौरान उस मार्ग से पुलिस पेट्रोलिंग पार्टी भी गुजर रही थी। प्रशांत ने पेट्रोलिंग पार्टी की मदद से ही फायर ब्रिगेड टीम को आग लगने की सूचना दी। इसके बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि तब तक वाहन लगभग पूरी तरह से जल चुका था।

विदित हो कि चलती कार में आग लगने की इससे पहले भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। ज्यादातर घटनाएं अब इलेक्ट्रिक वाहन में देखी जा रही हैं। बैटरी ब्लॉस्ट व शॉट सर्किट की वजह से गाड़ियों में आग लग रही है।

# व्यापारी एकता पैनल के बैठक में जुटे प्रदेशभर से व्यापारी प्रतिनिधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



व्यापारी एकता पैनल की प्रादेशिक बैठक राजधानी के एक निजी हॉटल में आयोजित हुई। जिसमें प्रदेश भर से व्यापारी प्रतिनिधि बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस मौके पर चैंबर के संविधान में फेरबदल को लेकर नाराजगी जताई गई। व्यापारियों को जीएसटी के नाम से परेशान करने और इसकी कार्यप्रणाली में व्याप्त खामियों को चर्चा हुई। जिसमें जीएसटी को लेकर आने वाले दिनों में एक बड़ा आंदोलन करने का ऐलान किया गया। व्यापारी एकता पेनल की ओर से 15 दिन का अल्टीमेटम दिया जाएगा, इसके बाद भी स्थिति नहीं सुधरी तो जीएसटी कार्यालय के सामने बड़ा प्रदर्शन किया जायेगा।

- जीएसटी को लेकर करेगा बड़ा आंदोलन का ऐलान
- कार्यप्रणाली सुधारने 15 दिन का देंगे अल्टीमेटम

व्यापारी एकता पैनल की आज बड़ी बैठक राजधानी में हुई। मंच संचालन योगेश अग्रवाल ने किया। बैठक को संबोधित करते हुए व्यापारी एकता पैनल के अध्यक्ष ने सभी का किया। और बैठक चैंबर चुनाव की भूमिका पर प्रकाश डाला।

श्रीचंद सुंदरानी ने अपने अध्यक्षीय संबोधन में आरोप लागया कि पिछले तीन साल में चैंबर को पंगु बना दिया गया, व्यापारियों की आवाज दबाने की कोशिश की गई है। यूजर चार्ज के मामले में चैंबर अध्यक्ष कैंप लगाकर यूजर चार्ज जमा करवाते रहे। जीएसटी से लोगों की परेशानी बढ़ी पर चैंबर ने इस ओर कोई खास ध्यान नहीं दिया।

बैठक में राजनांदगांव से आये चैंबर के वरिष्ठ नेता खूबचंद पारख ने व्यापारियों को संगठित होकर व्यापारी एकता पैनल को मजबूत बनाने अपील की । व्यापारी एकता पैनल से सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित अध्यक्ष कमल सोनी, महासचिव प्रकाश गोलछा, कोषाध्यक्ष हर्षवर्धन जैन का सम्मान किया गया।

बैठक में अपनी बात रखते हुए राजेश वासवानी ने कहा 3 साल के कार्यकाल में चैंबर ने व्यापारी हित की अनदेखी की। बेमेतरा काण्ड में व्यापारी छः माह जेल में रहे इससे ज्यादा बुरा व्यापारियों के साथ नहीं हो सकता ।

प्लास्टिक संघ के निर्माता संतोष जैन ने कहा की ये होलसेल कॉरीडोर दिव्य स्वप्न है, धोखा है हमने अपने बलबूते पर 115 व्यापारियों को रायपुर विकास प्राधिकरण से भूखंड दिलवाया ।

### ये रहे शामिल

बैठक में छगन मूंदड़ा, धमतरी के व्यापारी नेता नरेन्द्र रोहड़ा अनिल अग्रवाल, बिलासपुर से डीडी आहूजा, रूपचंद डोडवानी दुर्ग से विनीत जैन, राजनंदगांव से हसमुख भाई रायचा, ज्ञानचंद बाफना,अनिल नचरानी मुरली केवलानी सुशील अग्रवाल खूबचंद पारख संजय रूंगटा हरख मालू कमल सोनी प्रकाश गोलछा हर्षवर्धन जैन आनंद चोपकर कन्हैया अग्रवाल, चेतन तारवानी राजू भाई तारवानी महेंद्र आहूजा जितेंद्र बड़वानी सुदेश मध्यान शालिग्राम नागोलिया दीपक कृपलानी दिनेश अठवानी वासु जोतवानी प्रहलाद शादीजा अमर गुरनानी दौलत परयानी जीतेन्द्र बड़वानी सुदेश मंधान रमेश मंधान, लख्मशी पटेल लालचंद गुलवानी संतोष जैन परसराम सचदेव सुदामा बत्रा तेज कुमार बजाज राजेश छुगानी हार्दिक पटेल आरिफ बेग मंजुल मयंक श्रीवास्तव रोशन हबलानी महेश वाधवानी अशोक मलानी राजेश गुरनानी, राजकुमार राठी शामिल हुए।

# कैट ने सराफा एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कैट के राजधानी स्थित प्रदेश कार्यालय में छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को कैट के सीजी चैप्टर ने उनके उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं दी।

- प्रदेश कार्यालय में सम्मान समारोह राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने किया

कैट के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी ने बताया छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन का चुनाव हुआ था जिसमें अध्यक्ष पद पर कमल सोनी महासचिव पद पर प्रकाशचन्द गोलछा कोषाध्यक्ष पद पर हर्षवर्धन जैन ने चुनाव जीता। इसी परिपेक्ष्य गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया।

छत्तीसगढ़ सराफा एसोसियेशन के सम्मान समारोह में कैट एवं युवा टीम के पदाधिकारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे इनमें अमर पारवानी, परमानंद जैन, विक्रमसिंहदेव, अमर गिदवानी, वासु माखीजा, सुरिन्द्रर सिंह, भरत जैन, कैलाश खेमानी, जयराम कुकरेजा, अवनीत सिंह, विजय पटेल, अजय तनवानी सहित अन्य पदाधिकारी शामिल रहे।

# प्रदर्शनकारी छात्रों को भेजा जेल, विरोध में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एनएसयूआई के दो नेताओं को एक दिन की रिमांड पर भेजने के बाद एनएसयूआई कार्यकर्ता सड़क पर उतर आए। उन्होंने गृहमंत्री विजय शर्मा का पुतला फूंका। एनएसयूआई का कहना है कि उनके पदाधिकारियों द्वारा नियमतः प्रदर्शन किया जा रहा था। स्कूल प्रबंधन द्वारा छात्रों पर तोड़फोड़ की झूठी एफआईआर कराई गई है। राजीव गांधी चौक में यह प्रदर्शन किया गया। एनएसयूआई ने अपने छात्रनेताओं की रिहाई की मांग करते हुए घंटेभर नारेबाजी की। छात्रों का आरोप है कि गृहमंत्री विजय शर्मा के दवाब में निजी स्कूलों संग मिलीभगत के तहत हमारे नेताओं को जेल भेजा गया है। बीजेपी सरकार अपनी नाकामियों को छिपाने के लिए एनएसयूआई के नेताओं पर मुकदमा दर्ज कर परेशान कर रही है।



### यह है मामला

जेल भेजे गए छात्रनेताओं का कहना है कि कृष्णा किड्स स्कूल प्रबंधन की कई ब्रांच बगैर मान्यता संचालित हो रही है। इसका विरोध करते हुए शाला प्रबंधन के समक्ष बड़े पैमाने पर विरोध-प्रदर्शन किया गया। स्कूल प्रबंधन द्वारा प्रदर्शनकारी छात्रनेताओं के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई गई थी। दर्ज एफआईआर के आधार पर एनएसयूआई के प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल और प्रदेश सचिव कुणाल दुबे सहित कांग्रेस नेता विकास तिवारी को दो दिन की रिमांड पर लिया गया है। प्रदर्शन में मोनू तिवारी, तारिक खान, रजत ठाकुर, गावेश साहू सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

### रिहाई तक आंदोलन

गिरफ्तार नेताओं ने सिर्फ निजी स्कूलों की मनमानी के खिलाफ आवाज उठाई थी। दमनकारी नीतियों के विरोध में हम रिहाई तक आंदोलनरत रहेंगे।

-शांतनु झा, जिलाध्यक्ष, एनएसयूआई

**कॅरियर निर्माण में सर्वाधिक महत्वपूर्ण भूमिका विषय की : रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा द्वारा रखे गए कॅरियर गाइडेंस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को मोटिवेशनल स्पीकर प्रोफेसर डॉ.केपी यादव ने सफलता के लिए लगातार प्रयास एवं अनुशासन को जीवन में अनिवार्य बताया। उपयुक्त विषय का चयन करने के लिए गाइड किया। प्रतियोगिता परीक्षाओं के लिए सही तैयारी कैसे की जाए, इसकी जानकारी दी। बच्चों संग उनके अभिभावक भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने।

**न्यायालय :- उमेश कुमार उपाध्याय, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी बेमेतरा (छ.ग.)**

**संख्यांक**

वाद के निपटारे के लिए समन
(आदेश 5 नियम 1 और 5 व्य.प्र.सं.)
व्य.वा.क्र. 5स/2024 प्रोसेस क्रं.127/2024

कु. मंजु पिता स्व. पवन कुमार महिलांग, आयु-22 वर्ष, निवासी ग्राम-चिकुड़िया, तहसील अहिवारा, जिला-बेमेतरा (छ.ग.) //विरूद्ध//
लक्ष्मी बाई पति नामालूम, निवासी-वार्ड क्रं. 17 (ग्राम पंचायत खम्हरिया) ग्राम-टेमरी, पोस्ट-राका, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा (छ.ग.) व अन्य 03

प्रति, आम जनता

कु. मंजु महिलांग ने आपके विरूद्ध धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम का मुकदमा दायर किया है। आपको इस न्यायालय में पेशी तारीख 27.07.2024 को दिन में 11:00 बजे दावे का उत्तर देने के लिए उपसंजात (हाजिर) होने के लिए समन किया जाता है। आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गए हों और जो इस वाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके या जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे सब प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजें जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिस पर आपकी प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित है। और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर, चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो या न हों, अपनी प्रतिरक्षा या मुजराई के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो आप ऐसी दस्तावेजों को, लिखित कथन के साथ उपाबद्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें।

आपको सुचित किया जाता है कि यदि आप ऊपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा। यदि पेशी तारीख को किसी कारणवश अवकाश रहता है तो आगामी कार्य दिवस पर सुनवाई की जायेगी।

यह आज तारीख 04.07.2024 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है।

(मुहर)
उमेश कुमार उपाध्याय,
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी
बेमेतरा (छ.ग.)

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI DAGANIA
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T. New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• C.O.P.A. (Computer) 1 Year (10th Pass)
अग्रसेन एजुकेशन केम्पस,ग्राम -डगनिया, दुर्ग-बलोद मेन रोड, तह. गुण्डरदेही, जिला-बालोद (छ.ग.)
89595-93937 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### प्रांतस्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में को मिला डालिनी तीसरा स्थान

**बालोद/कलंगपुर।** प्रांत द्वारा आयोजित छत्तीसगढ़ स्तरीय मेधावी छात्र परीक्षा में सरस्वती शिशु मंदिर पूर्व माध्यमिक विद्यालय कलंगपुर की सप्तम कक्षा की छात्रा डालिनी साहू पिता लालाराम साहू ने 100 अंक में 83 अंक लेकर पूरे छत्तीसगढ़ में तृतीय स्थान अर्जित किया। छात्रा की इस उपलब्धि पर विद्यालय के अध्यक्ष दिलीप कुमार कुल्हारे, उपाध्यक्ष सुधीर साहू, सुफल कुल्हारे, प्रतापचंद जैन, विरेन्द्र कुंवर, डोंगरमल जैन, तरुण कुमार साहू, श्याम लाल पटेल, संस्था के प्रधानाचार्य टेकनारायण मंडावी, ओमप्रकाश साहू, निर्मल आचार्य साहू, आचार्य सहित समस्त आचार्यगण व दीदी ने हर्ष व्यक्त कते हुए बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

### अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई

**भिलाई।** नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी, कि शांति नगर इंदु आई.टी. स्कूल के पीछे वाले भाग में अवैध प्लाटिंग की जा रही है। धड़ल्ले से प्लाट काट कर मुरम गिराकर रोड का निर्माण किया जा रहा है। जिसका परमिशन नगर निगम भिलाई एवं टाउन एण्ड कंट्री प्लानिंग से नहीं लिया गया था। नगर निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा विभाग की टीम एवं तोड़ फोड़ दल मौके पर पहुंचकर रोड निर्माण के कार्य को रूकवाया। आयुक्त नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा बार-बार दिशा निर्देश जारी किया जा रहा है कि कोई भी व्यक्ति निगम क्षेत्र में प्लाट खरीदने से पहले नगर निगम भिलाई के भवन अनुज्ञा शाखा में आकर संपर्क कर लें।

### मोपेड और स्कूटी में लगाई आग, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** घर के बाउड्रीवाल के भीतर खडी मोपेड और स्कूटी में अज्ञात ने आग लगाकर फरार हो गया। घटना की शिकायत पुलिस से की गई है। कुम्हारी पुलिस ने बताया कि ग्राम खपरी निवासी जुगनु साहू ने शिकायत किया है कि मोपेड और बेटी की स्कूटी घर के भीतर खडी थी। रात को परिवार वाले खाना खाकर सो गए। सुबह 5 बजे उठने पर आंगन में रखे दोनों वाहन जलकर राख हो गया था। घटनास्थल के पास ही अज्ञात व्यक्ति के पैर का निशान भी मिला है। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 326 (सी), 331 (2) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### ट्रैफिक व आरटीओ की कार्रवाई

**भिलाई।** परिवहन और ट्रैफिक पुलिस ने स्कूल से बच्चों को लाने ले जाने वाले आटो वेन वाहनों के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई किया है। इस दौरान क्षमता से अधिक स्कूली बच्चों को 21 आटो रिक्शा, वेन, मैजिक, वेन में बिठाने वाले वाहनों के खिलाफ 82 हजार रुपए का चालानी कार्रवाई की गई है। पांच आटो बिना परमिट,फिटनेस, बीमा के चलाते पकड़ा गया है।इसके अलावा डीपीएस बस के खिलाफ 5 हजार रुपए समंस शुल्क वसूला गया है। इस दौरान क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकड़ा, विष्णु ठाकुर, विकास शर्मा, प्रभा तिवारी और डीएसपी ट्रैफिक सतीश ठाकुर मौजूद थे।

### बालक लापता

**भिलाई।** घर से सायकल पर निकला बालक अचानक लापता हो गया है। शिकायत पुलिस में की गई है। मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम खेरधा जामुल निवासी लोकराज साहू 13 वर्ष 8 जुलाई की दोपहर को घर से साइकिल लेकर निकला था। देर रात तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन किया। उसकी कोई जानकारी नहीं मिलने पर पुलिस में शिकायत किया गया। खबर लिके जाने तक बालक की जानकारी नहीं मिल पाई है।

### मौसम बदलते ही जानवरों का बदला मिजाज

**भिलाई।** मैत्रीबाग चिड़ियाघर में पर्यटकों के साथ वन्य प्राणी भी खुशनुमा मौसम का लुत्फ उठा रहे हैं। पखवाड़ेभर पहले तक गर्मी में जो जानवर बचैनी से अपने कैज में घुसे रहते थे, अब मौसम ठंडा होने से मस्ती से चहलकदमी कर रहे हैं।

---

**दौरा : कलेक्टर शर्मा ने किया नवागढ़ ब्लॉक का दौरा, स्कूलों का किया निरीक्षण**

# खिलाड़ियों को दी सम्मान राशि, शिक्षक व छात्रों से बात की और परखी शिक्षा गुणवत्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बेमेतरा जिले के नवागढ़ विकासखंड का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्र, जल जीवन मिशन के कार्यों और मत्स्य विभाग सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने विभिन्न योजनाओं की प्रगति का निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने जनता से भी बातचीत की और उनकी समस्याओं को सुना ताकि योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन हो सके।

दौरे के प्रारम्भ में जिलाधीश सर्वप्रथम शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा का निरीक्षण किया। उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर पदक प्राप्त खिलाड़ियों को सम्मान राशि का चेक प्रदान किया और उन्हें भविष्य में और अधिक ऊंचाइयों को छूने के लिए प्रेरित किया। उसके बाद कलेक्टर नवागढ़ ब्लॉक के नांदघाट तहसील में स्थित स्वामी आत्मानंद स्कूल, शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला एवं पूर्व माध्यमिक शाला, आत्मानंद स्कूल मारो का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने शिक्षकों और छात्रों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने स्कूल में साफ-सफाई, शौचालयों की स्थिति, और मिड-डे मील योजना की भी जांच की। कलेक्टर ने स्कूल प्रशासन को आवश्यक सुधार और विकास कार्यों के निर्देश दिए ताकि छात्रों को बेहतर शिक्षा और सुविधाएं मिल सकें। कलेक्टर शर्मा ने छात्र-छात्राओं से उनकी पढ़ाई-लिखाई के संबंध में चर्चा की। उनसे गणित, विज्ञान भाषा, इतिहास जैसे विषयों से सवाल पूछकर उनके एजुकेशन लेवल को भी परखा साथ ही ब्लैकबोर्ड पर बच्चों को पढ़ाया भी।



### आंगनबाड़ी केंद्र नांदघाट में बच्चों के स्वास्थ्य का लिया जायजा

कलेक्टर श्री शर्मा ने नांदघाट के आँगनबाड़ी केंद्र में उपलब्ध सुविधाओं, बच्चों के पोषण स्तर और नियमित स्वास्थ्य जांच की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान, कलेक्टर ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं से बातचीत की और उनकी समस्याओं और चुनौतियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों के लिए उपलब्ध मिड-डे मील की गुणवत्ता और पोषण मानकों की भी जांच की। कलेक्टर ने आंगनबाड़ी केंद्रों में साफ-सफाई, बच्चों के लिए खेल और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता, और स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

### पीडीएस केंद्रों का भी निरीक्षण

कलेक्टर श्री शर्मा ने उचित मूल्य की दुकानों का भी निरीक्षण किया। इस दौरान, कलेक्टर ने स्टॉक रजिस्टर, वितरण रजिस्टर और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों की जांच की। कलेक्टर ने दुकानों में उपलब्ध वस्तुओं की गुणवत्ता और मात्रा का निरीक्षण किया। इसके साथ ही दुकान संचालकों से बातचीत की और उनकी समस्याओं और सुझावों के बारे में जानकारी प्राप्त की।

### जल जीवन मिशन के कार्यों का किया अवलोकन

कलेक्टर रणबीर शर्मा ने ब्लॉक के अमलडीहा में सामूहिक जल प्रदाय योजना अंतर्गत बन रहे अमलडीहा समूह जल प्रदाय योजना का भौतिक परीक्षण किया। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों से बातचीत कर परियोजनाओं को समय पर गुणवत्ता के साथ पूरा करने के निर्देश दिए।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में मरीजों से की बातचीत

कलेक्टर ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर का निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने मरीजों से बातचीत कर उनके उपचार और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता एवं अनुभवों के बारे में पूछा। उन्होंने डॉक्टरों, नर्सों और अन्य चिकित्सा कर्मियों की उपस्थिति रजिस्टर की जांच की।

### मछली पालन केंद्र और नर्सरी भी देखी

कलेक्टर श्री शर्मा ने नवागढ़ स्थित मछली पालन केंद्र का निरीक्षण कर प्रबंधन का जायजा लिया। इसके अलावा पड़कीडीह नर्सरी का निरीक्षण कर वहां के पौधों की देखभाल और नर्सरी की व्यवस्थाओं की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए वृक्षारोपण और पौधों की देखभाल अत्यंत महत्वपूर्ण है और इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। इस अवसर पर एडीएम अनिल वाजपई, संयुक्त कलेक्टर अंकिता गर्ग, एसडीएम मुकेश गोंड, स्वास्थ्य विभाग की टीम सहित संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित थे।

### छात्रावास के बच्चों की नियमित स्वास्थ्य जांच के दिए निर्देश

कलेक्टर ने शासकीय प्री. मैट्रिक अनुसूचित जाति बालक छात्रावास नांदघाट का निरीक्षण किया। इस दौरान छात्रावास के कमरों, भोजनालय, अध्ययन कक्ष और शौचालय की स्थिति की जांच की। कलेक्टर ने छात्रों और छात्रावास के वार्डन तथा अन्य स्टाफ सदस्यों से भी बातचीत की और छात्रावास की प्रबंधन प्रक्रिया के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधीक्षक से छात्रों की पढ़ाई के लिए उपलब्ध सुविधाएं, जैसे पुस्तकालय, अध्ययन कक्ष, और अन्य शैक्षिक संसाधन पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने तथा विद्यार्थियों की नियमित स्वास्थ्य जांच की व्यवस्था के निर्देश दिए। इस दौरान जिलाधीश ने छात्रावास के बच्चों के साथ शतरंज खेला और उनके बौद्धिक स्तर को परखा।

---

## शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी पाना नहीं बल्कि आत्मनिर्भर बनने का होना चाहिए

**समाधान में नई तालीम विषय पर हुआ अतिथि व्याख्यान का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

सर्वतोमुखी समाधान शिक्षा संस्कार समिति द्वारा संचालित समाधान महाविद्यालय में नई तालीम (बुनियादी शिक्षा) विषय पर डॉ शिवनारायण एचओडी बीएड, इक्फाई विश्वविद्यालय रायपुर के द्वारा अतिथि व्याख्यान

दिया गया। इस अवसर पर बताया कि वर्तमान शिक्षा केवल विषय पर आधारित न होकर वास्तविक जीवन से सम्बंधित होनी चाहिए। जिस प्रकार गाँधी जी ने अपने शिक्षा दर्शन में बताया है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल साक्षरता नहीं है, बल्कि बच्चों को जीविकोपार्जन की शिक्षा मिलनी चाहिए। इनमें हस्तकला, शिल्पकारी, शारीरिक श्रम, मूल्यों का विकास आदि की शिक्षा होनी चाहिए, जिससे बच्चे आत्मनिर्भर हो सकें। नई तालीम विषय भी गाँधी जी के बुनियादी शिक्षा पर आधारित है। बीएड द्वितीय वर्ष के प्रशिक्षणार्थियों के लिये आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डॉ शिवनारायण ने कहा कि आपका उद्देश्य केवल नौकरी पाना न होकर के इस तरह कौशलपूर्ण शिक्षा होनी चाहिए, जिससे आप आत्मनिर्भर बनें। कार्यक्रम के तहत इक्फाई विश्वविद्यालय रायपुर एवं समाधान महाविद्यालय बेमेतरा के मध्य एमओयू के तहत यह कार्यक्रम हुआ, जिसमें समाधान महाविद्यालय के डायरेक्टर अविनाश तिवारी, प्राचार्य डॉ अवधेश पटेल एवं बीएड के समस्त सहायक प्राध्यापक निधि तिवारी, डॉ जीडी मानिकपुरी, लक्ष्मीनारायण साहू, स्वीटी मालिक, स्वाति पटेल, नंदनी वर्मा उपस्थित रहे।

---

## एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में छात्र परिषद् का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा



■ 12वीं के शौर्य को सौंपी गई शाला नायक की जिम्मेदारी

एकेडमिक वर्ल्ड स्कूल में नवीन सत्र 2024-25 के लिए प्रार्थना सभा में छात्र परिषद् का गठन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में विद्यार्थियों को उनकी कार्यकुशलता, निष्ठा, कर्मठता एवं विद्यालय तथा विद्यालयीन गतिविधियों के प्रति उनकी निष्ठा को ध्यान में रखते हुए उन्हें छात्र परिषद् में विभिन्न पद प्रदान किए गए एवं उन्हें उनकी जिम्मेदारियों से अवगत कराने के साथ ही उन पदों के लिए शपथ दिलाई गई।

प्राचार्य पंकज जोशी ने शाला नायक के पद के लिए सीनियर विंग से शौर्य साहू कक्षा बारहवीं एवं जूनियर विंग से रोमेन्द्र बंजारे कक्षा आठवीं के नाम की घोषणा की। इसी प्रकार शाला नायिका के लिए सीनियर विंग से छात्रा वैष्णवी शर्मा कक्षा बारहवीं एवं जूनियर विंग से वसुंधरा शुक्ला कक्षा आठवीं के नामों की घोषणा की गई। इसके साथ ही उप-शालानायक एवं उप-शालानायिका के लिए सीनियर विंग से ओजिष्ठ चौड़ा कक्षा ग्यारहवीं एवं जूनियर विंग से रणवीर कश्यप कक्षा सातवीं, छात्रा ऐमन खान कक्षा ग्यारहवीं एवं प्रज्ञा पटेल कक्षा सातवीं का नाम घोषित किया गया। उसके बाद विद्यालय में कार्यरत चारों सदनों के नेतृत्वकर्ताओं के नामों की घोषणा की गई। उसके बाद विद्यालय की एकेडमिक कॉर्डिनेटर नीता रायचा ने सभी छात्र-छात्राओं को अपने चयनित पदों पर विद्यालय द्वारा दिए गए दिशा निर्देशों का सम्पूर्ण सत्र में पूरी निष्ठा के साथ पालन करने के निर्देश दिए।

अंत में प्राचार्य पंकज जोशी ने सभी पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। विद्यालय संचालिका भावना बोहरा ने छात्र संघ में चयनित विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि आप सभी विद्यार्थी अपने जीवन में दायित्व एवं अनुशासन का पालन कर्मठता के साथ करें और अपने लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास करें।

---

## चिरपोटी में नवनिर्मित श्री हनुमान मंदिर में की गई प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा अंतर्गत ग्राम चिरपोटी के बड़े तलाब पारा में समस्त ग्रामवासियों के सहयोग से नव निर्मित हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान दोपहर को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। ग्रामीण कलश यात्रा के माध्यम से गांव की गलियों को भ्रमण कर नव निर्मित मन्दिर पहुंचे। उसके बाद कलश पूजन, घट पूजन, यज्ञ सहित वैदिक मंत्रोचार के साथ भगवान हनुमान जी मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। उसके बाद भंडारा का अयोजन किया गया, जिसमें ग्रामीणों ने प्रसाद ग्रहण किया। शाम को भव्य महाआरती और सुन्दरकाण्ड का पाठ किया गया। कार्यक्रम में दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने भगवान बजरंग बली की पूजा-अर्चना कर क्षेत्रवासियों के सुख-समृद्धि की कामना की। इस अवसर उतई मंडल अध्यक्ष फत्ते लाल वर्मा, महामंत्री सोनू राजपूत, प्रवीन यदु, राजू साहू, खोपली सरपंच मंजू वर्मा, मंचादुर सरपंच दीलीप साहू, हिकेश्वर साहू, लेख राम सर्वा, केशव यादव, छोटू साहू, झमेंद्र साहू सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

---

## बेरला विकासखंड में चल रहा सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

बेरला ब्लॉक में कलेक्टर रणबीर शर्मा के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी वनीष दुबे एवं नोडल अधिकारी मयंक राठौड़ के मार्गदर्शन में नगर पंचायत बेरला में सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ अभियान चलाया गया। इसके अंतर्गत वार्ड क्रमांक 3 स्थित खरगा तालाब में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। अभियान में तालाब के आसपास प्लॉगिंग तथा झाड़ू लगाकर सफाई की गई। सफाई के दौरान एकत्रित कचरे का स्थल पर ही सेग्रिगेशन कर मणिकंचन केंद्र भेजा गया। अभियान की शुरुआत नगर पंचायत बेरला के अध्यक्ष रासबिहारी कुर्रे द्वारा की गई।

अभियान में नगर पंचायत बेरला के अजीत वर्मा, प्रेमप्रकाश राजपूत, खेमराज साहू के साथ वार्ड के स्व सहायता समूह की महिलाएं, स्वच्छता दीदियाँ, समस्त सफाई कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए।

---

## ग्राम व वार्डों में 15 साल से ऊपर के असाक्षरों को बनाया जाएगा साक्षर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत किया जा रहा सर्वे

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में उल्लेखित उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत सर्वे कार्य हेतु वार्ड नंबर 12, 13, 14, 16 सिंघौरी बेमेतरा में असाक्षर प्रशिक्षार्थी एवं स्वयंसेवी शिक्षकों के चिन्हांकन के लिए संकुल समन्वयक सिंघौरी धनीराम बंजारे एवं प्राथमिक शाला सिंघौरी के प्रधान पाठक किरण खरे, सहायक शिक्षिका लक्ष्मी साहू के द्वारा घर-घर जाकर सर्वे कार्य किया जा रहा है।

इस उल्लास कार्यक्रम मुख्य उद्देश्य स्कूली शिक्षा से वंचित असाक्षरों को पढ़ा लिखा कर साक्षर बनाना है। जिसके लिए पास के ही स्कूल को साक्षर केंद्र बनाया गया है। जिसमें स्कूल समय के अतिरिक्त समय में स्वयंसेवी शिक्षक असाक्षरों को साक्षर ज्ञान कराएंगे। जिसके लिए ग्राम एवं वार्डों में 15 साल से ऊपर के असाक्षरों को लिया जाएगा। संकुल समन्वयक धनीराम बंजारे ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य न केवल आधारभूत साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान प्रदान करना है। बल्कि 21वीं सदी के नागरिकों के लिए आवश्यक अन्य घटकों को भी शामिल करना है। जैसे महत्वपूर्ण जीवन कौशल, स्वास्थ्य देखभाल, और जागरूकता। इसका महत्व यह है कि साक्षर, लोगों को सशक्त और स्वतंत्र बनाती है। उन्होंने बताया कि इस योजना का प्राथमिक उद्देश्य 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वयस्कों को सशक्त बनाना है। जिन्हें खुद को शिक्षित करने का अवसर नहीं मिला है, और उन्हें देश के विकास में योगदान करने में सक्षम बनाना है। यह न केवल शिक्षार्थियों को पढ़ने, लिखने और अंकगणित कौशल हासिल करने की अनुमति देता है, बल्कि आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करते हुए उन्हें महत्वपूर्ण जीवन कौशल की समझ से समृद्ध भी करता है। इस योजना को स्वैच्छिकता, सामाजिक जिम्मेदारी और कर्तव्यबोध की भावना को बढ़ावा देने के माध्यम से लागू किया जा रहा है।

---

**सीटू ने चौथी बार सौंपा सहमति पत्र, चार साल से चल रही कवायद**

## दल्ली और नंदिनी माइंस में जल्द होगा यूनियन चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के तीन कैपटिव माइंस दल्ली राजहरा नंदिनी एवं हिर्री माइंस में ट्रेड यूनियन को मान्यता देने के लिए गुप्त मतदान से सदस्यता जांच की प्रक्रिया फिर से शुरू की गई है। 4 सालों के अंदर यह प्रक्रिया तीन बार किया जा चुका है। अब चौथी बार वही प्रक्रिया फिर से शुरू हुई है । इसमें एनेक्सजर 'ए' में यूनियन के बारे में जानकारी देते हुए, नवीनतम वार्षिक विवरण, यूनियन के विधान की प्रति एवं यूनियन के चुनाव में भाग लेने की सहमति पत्र प्रबंधन के पास जमा करना होता है ।

सीटू के प्रतिनिधि मंडल ने बीएसपी के महाप्रबंधक एसके सोनी से मुलाकात कर यह सहमति पत्र सौंपा । प्रतिनिधि मंडल में जगन्नाथ प्रसाद द्विवेदी, अशोक खातरकर, प्रकाश क्षत्रिय, अजय सोनी, संतोष कुमार वर्मा एवं डीवीएस रेड्डी शामिल थे । सीटू नेता ने कहा कि माइंस के अंदर पिछली मान्यता यूनियन का कार्यकाल अप्रैल 2020 को समाप्त हो गया था उसके बाद से नई मान्यता यूनियन का इंतजार है। पिछले 4 सालों में ना सदस्यता जांच हुई और ना ही मान्यता यूनियन माइंस के लिए मिला । बीएसपी के सभी कैपटिव माइंस में कर्मियों के लिए माइन्स एक्ट लागू होता है । यह माइंस बीएशपी के अभिन्न हिस्सा होने के बावजूद सुरक्षा सहित कई मानको में अलग से संचालित होते हैं जहां पिछले 4 सालों से कोई मान्यता यूनियन ही नहीं है अब जब चौथी बार मान्यता चुनाव करवाने की प्रक्रिया शुरू हुई है तो सीटू ऐसा मान रहा है कि इस बार यह प्रक्रिया जरूर पूरी होगी



### दो साल के लिए मान्यता

गुप्त मतदान द्वारा सदस्यता जांच के माध्यम से अधिकतम वोट पाने वाले यूनियन को 2 साल के लिए मान्यता दिया जाता है किंतु मान्यता चुनाव समाप्त हो जाने के बाद फिर कब चुनाव होगा एवं कब मान्यता यूनियन मिलेगी इसकी कोई समय की बाध्यता नहीं है वहीं राजनीतिक चुनाव अर्थात पार्षद से लेकर लोकसभा तक में कार्यकाल पूर्ण होने के पहले नया चुनाव संपन्न करवा कर चुनी हुई बहुमत वाले दल को सत्ता स्थापित करना होता है अर्थात राजनीतिक चुनाव में समय की बाध्यता होती है किंतु सदस्यता जांच के माध्यम से मान्यता में आई ट्रेड यूनियन के मान्यता कार्यकाल समाप्त होने के पहले चुनाव संपन्न कराने की कोई बाध्यता नहीं है इसीलिए लंबे-लंबे समय तक संयंत्र के कर्मी बिना मान्यता यूनियन के रह जाते हैं ।